Now, the other problems identified by the Economic Survey were imbalance in fertilizer use, low seed replacement rate, a distorted incentive system and low post-harvest value addition. In his fifteen or twenty minutes

long speech, I am sorry, the Finance Minister has not touched on some of these major issues which the Indian agriculture is facing. दूसरी बात यह है कि इन्होंने इस बजट में एक नयी स्कीम की घोषणा की है। बहुत रोचक है।

He said that there are, 1,065 assessment blocks in this country where the groundwater has receded and it has assumed critical proportions. So, there is need to recharge groundwater, इन्होंने कहा है कि 4,000 रुपए प्रति प्रोजेक्ट के basis पर मैं गड्ढे खुदवाऊंगा ताकि उसमें बारिश का पानी जमा हो और वह जमीन के अंदर जाए और ground water level ऊंचा हो। अब इनको किसी एक्सपर्ट ने ही बताया होगा कि ऐसा करना चाहिए, गड्ढा खोदने के बारे में एक बहुत मशहूर economist हुए है।, उन्होंने कहा कि गड्ढा खोदो और भरो, तो तुम्हारी अर्थव्यवस्था चलेगी, लेकिन अगर किसी को ग्रामीण क्षेत्रों का जरी भी idea है, तो मैं बहुत अदब के साथ वित्त मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि 4 हजार रुपए प्रति गड्ढे के हिसाब से इस तरह के 70 लाख गड्ढे खुदने हैं, यानि 2,800 करोड़ रुपया इन गड्ढों को खोदने पर हम खर्च करने जा रहे हैं। लगभग 3,000 करोड़ रुपया हम इन गड्ढों को खोदने पर खर्च करेंगे और इसलिए मैं यह कह रहा था कि अगर किसी को ग्रामीण क्षेत्रों का तनिक भी idea है, हम सब जानते है। कि मिट्टी के काम में कितनी हेराफेरी होती है। इसलिए मैं यह कह रहा था कि शायद इनको एक्सपर्ट्स ने राय दी होगी। एक्सपर्ट्स को जमीनी स्तर का कितना ज्ञान है, कितना अनुभव है, मैं नहीं जानता हूं, लेकिन इन गड्ढों को खोदने में बहुत सावधान रहने की जरूरत है। सभापति महोदय, हमारे यहां जब हम लोग एक 10 फीट का कुआं बनवाते हैं, तो वह लगभग 35-40 हजार रुपए में बनता हैं यह चार रुपए का गड्ढा खोदा जाएगा, उस चार हजार रुपए में कितना गड्ढा खोदा जाएगा, फिर उस गड्ढे में क्या होगा, लेकिन अगर सावधानी नहीं बरती गई, जो भी गड्ढा खोदने की योजना बना रहा है, तो यह सारा का सारा पैसा उसी गड्ढे में जाएगा।

अब मैं एग्रीकल्चर से ही सम्बन्धित इनकी नीतियों के बारे में एक और विषय बताता हूं। मध्य प्रदेश में एक फसल होती है, जिसको डॉलर चना कहते हैं। उसे डॉलर चना इसलिए कहते हैं कि वह सारा एक्सपोर्ट होता है। इन्होंने panic में आकर सारे pulses के एक्सपोर्ट को ban कर दिया, तो उसमें डॉलर चना भी ban हो गया। अभी मैं हाल में शनिवार-एतवार को इन्दौर गया था, तो वहां पर डॉलर चना की बात खूब आई। सारे pulses को ban कर दिया, तो डॉलर चना भी ban हो गया। अब उसकी देश में तो खपत है नहीं, तो सब किसान हाहाकार करने लगे। फिर इन्होंने इसमें थोड़ा संशोधन किया, संशोधन करके यह कहा कि डॉलर चना का तो हम एक्सपोर्ट permit करेंगे, लेकिन यह DGFT के throrugh जाएगा। वह वहां से आए, DGFT से permission ले, तब डॉलर चना एक्सपोर्ट करेगा। फिर इन्होंने पूरी छूट दे दी कि नहीं, export restrictions removed, डॉलर चना का एक्सपोर्ट होगा। आप जानते हैं कि इसी बीच में यह जो सरकार ने नीतियों में करिश्मा दिखाया, डॉलर चना का भाव गिरा और डॉलर चना का भाव उठा। डॉलर चना

का भाव 400 रुपया प्रति क्विंटल उठ गया। इन्दौर में मुझसे लोग बता रहे थे कि इसमें तीन व्यापारी हैं, जिनको अप्रत्याशित लाभ होने जा रहा है इस बात से कि जब गिरा, तो उन्होंने इसको खरीद लिया और अब higher rates पर वे एक्सपोर्ट करने जा रहे हैं। ...(व्यवधान)... अब दाल में क्या काला है, यह वित्त मंत्री जी बताएंगे।

अब उसके बाद वित्त मंत्री जी ने इस बार एक बहुत महत्वपूर्ण घोषणा की कि 'A pilot programme in, at least, one district in each State in 2007-08'- किस बात के लिए—'pilot programme to deliver fertilizer directly to the farmer so that we can do away with the system of giving subsidy to the fertilizer factories.' इसको करेंगे। ठीक है, बहुत खुशी की बात है, अब सीधे-सीधे दीजिए, लेकिन pilot project शुरू करेंगे। इसके पहले इन्होंने एक food stamp की pilot project शुरू की थी। अब उसका जिक्र वित्त मंत्री जी नहीं करते हैं कि उस food stamp का क्या हुआ। उसी तरह agricultural insurance को इन्होंने pilot weather insurance scheme खरीफ 2004 से ही शुरू किया था। अभी इस साल के बजट में क्या कह रहे हैं, 'The Government will ask the Agricultural Insurance Corporation to start a weather based crop insurance scheme on a pilot basis in two or three States.' Pilot से pilot, pilot से pilot. जब किसी प्लेन में बहुत ज्यादा pilots होते हैं, तो वह प्लेन crash कर जाता है, उड़ता नहीं है। यह हर चीज में pilot ही ले जाता है, pilot इसका, pilot उसका, ये तीन साल में piloting कर रहे हैं, नतीजा कुछ सामने नहीं आ रहा है। हम लोगों ने सुझाव दिया था कि income insurance scheme शुरू करनी चाहिए। उसकी तरफ इनका ध्यान नहीं गया। हम लोगों ने सुझाव दिया ... (व्यवधान)... आपने शुरू की थी, उसको इन्होंने खत्म कर दिया और अब ये weather insurance scheme कर रहे हैं। हम लोगों ने जो rate of interest on agricultural credit है, उसको घटाने का काम किया, उसे 9 परसेंट पर लाए, आप 7 परसेंट पर लाए। मिल रहा है या नहीं मिल रहा है, उसके बारे में एक दिन सदन में चर्चा हुई थी, लेकिन उसकी बात छोड़ दीजिए। हमारी डिमांड है कि जो आज के दिन का differential rate of interest है, 4 per cent उस पर आप किसानों को farm credit उपलब्ध कराइए, तब उसकी परेशानी थोड़ी कम होगी। सर, अब यह तो रही कृषि की बात।

मैं तुरंत 15 मिनट के भीतर खत्म करूंगा। अब आप देखिए कि उन्होंने इस बात का बहुत credit लिया है, श्रेय लिया है कि मैंने social sectors के ऊपर खूब बढ़ाया। महोदय, बहुत जोर-जोर से, उस दिन मैं देख रहा था वित्त मंत्री जी, 31 percent here, 32 percent here, 40 percent there, ये सब बातें कर रहे थे। अब इस बात को वित्त मंत्री जी भी जानते हैं और हम भी जानते हैं। यह उनसे भी नहीं छिपा हुआ है और न हम से छिपा हुआ है कि इस allocation

में वित्त मंत्रालय की कोई खास भूमिका नहीं होती है। वह प्लानिंग कमीशन को ग्रॉस बजटरी सपोर्ट दे देते हैं, फिर प्लानिंग कमीशन के डिप्टी चैयरमेन इसको करते हैं। अब उन्होंने कहा सर्व-शिक्षा अभियान। मैं अपने वामपंथी मित्रों से कहना चाहूंगा, सीताराम येचुरी जी यहां नहीं हैं, वह एक टी॰वी॰ प्रोग्राम में मेरे साथ थे, उन्होंने कहा कि सर्व-शिक्षा अभियान में allocation 11300 करोड़ से 12000 करोड़ हो गया। यह नहीं है, that is only transfer to the Fund. अब इसमें मैंने जो calculation किया है and the Finance Minister can correct me if I am wrong. मैंने जो calculation किया है, two per cent Education Cess on all taxes. The figure for 2007-08 works out to Rs. 11,921 crores. इन्होंने announce किया है कि हम प्रारंभिक शिक्षा कोष में 10,393 करोड़ ट्रांसफर करेंगे। This amount of Rs. 10,393 crores is less than Rs. 11,921 crores. महोदय, मैं कोई दावा नहीं कर रहा हूं कि मेरा गणित इतना मजबूत है कि यही फिगर सही है, लेकिन मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वह सही फिगर बताएं कि अगले वर्ष में इन को कितना मिलने वाला है और कितना ये प्रारंभिक शिक्षा कोष को ट्रांसफर कर रहे हैं और अभी तक प्रारंभिक शिक्षा कोष में कितनी राशि जमा हो गयी है, अभी उसमें से कितनी निकासी हुई है, और प्रारंभिक शिक्षा कोष का कितना बैलेंस है? महोदय, तब हमको पता चलेगा कि सचमुच में क्या स्थिति आज के दिन है। इसके साथ-ही-साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि इन्होंने जो mid year review दिसंबर के महीने में पार्लियामेंट में पेश किया था, उस में expenditure on Elementary Education which is some what more than the Sarva Shiksha Abhiyan. There, the expenditure was only 38 per cent. बाकी जितना था, वह तो कहीं जीरो परसेंट भी है, कहीं 15 परसेंट है और कहीं 8 परसेंट है। But on all important flagship schemes like the Sarva Shiksha Abhiyan, it was only 38 per cent upto September, 2006. अब इस साल जो इन्होंने सर्व-शिक्षा अभियान के लिए allocation किया है, that is Rs. 10, 671 crores, which is barely enough to account for inflation. इस तरह सही मायने में कोई improvement सर्व-शिक्षा अभियान में नहीं हो रहा है।

अब महोदय, मैं जल्दी-जल्दी अपनी बात रख देता हूं। इन्होंने National Common Minimum Programme भी बनाया, उसमें शिक्षा के लिए कहा 6 percent of the GDP, अभी है 3.08 percent of the GDP स्टेट्स को लेकर हम आधे पर है, एक साल बचा है, अब क्या एक साल में आप क्या 3 percent of the GDP देंगे? महोदय, 3 percent of the GDP का मतलब होगा 2 लाख करोड़ रुपया। आप अगले साल के बजट में क्या 2 लाख करोड़ रुपया देने जा रहे हैं? उसी तरह इन्होंने कहा कि हम हैल्थ में 3 परसेंट ऑफ जी॰डी॰पी॰ ले जाऐंगे। यह नेशनल कॉमन मिनिमम प्रोग्राम है। अभी है 0.94 परसेंट है। तो उसको 2 परसेंट और बढ़ाएंगे एक बजट में जिसका मतलब होगा सवा लाख से डेढ़ लाख करोड़ के बीच में। अब हैल्थ में नेशनल रूरल हैल्थ मिशन के लिए इन्होंने मार्जिनली पैसे बढ़ाए हैं, लेकिन जो सबसे अधिक चिंता का विषय है कि जो हम लोगों के टाइम में, हम छोड़कर गए थे 6 AIMS type of institutions, उसके लिए इन्होंने प्रावधान तो इस साल के बजट में 75 करोड़ का किया

और उसमें the Revised Estmate is only Rs. 10 crores. इसका मतलब यह है कि कोई खर्चा नहीं हो रहा है। तो आप उसमें रूचि लीजिए कि मामला आगे क्यों नहीं बढ़ रहा है, बताइए? महोदय, इसी तरह उन्होंने रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी स्कीम में जो पैसे बढ़ाए हैं, सभापति महोदय, इन्होंने रूरल एम्प्लायमेंट गारंटी स्कीम में जिलों की संख्या 200 से बढ़ाकर 330 कर दी है और allocation जो increase किया है, that is about Rs. 600 crores only. अब 600 करोड़ में क्या आप 130 डिस्ट्रिक्ट्स को कवर करेंगे? इसका मतलब है, Somewhere something is wrong, या तो ये सप्लीमेंटरी डिमांड लेकर आएंगे या he will spread his resources thin. अभी भी जो हम लोग जिलों-जिलों में घूमते हैं, उनको यह अनुभव है कि जो यह रूरल एम्प्लायमेंट गारंटी स्कीम चल रही है, इसमें भारी धांधली हो रही है। लोगों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा है। जिसका रजिस्ट्रेशन हो रहा है, उसको काम नहीं मिल रहा है और आप उम्मीद करते हैं कि वह जाकर मुकदमा लड़ेगा।

सर, आज के दिन जो एक बहुत इम्पोर्टेंट इश्यू है, वह है-इन्फ्रास्ट्रक्चर। वहां भी देखिए कि क्या हुआ। इन्होंने अपने फर्स्ट बजट में, 2004 में, कहा कि "I am going to set up an inter-institutional group consisting of IDBI, IDFC, ICICI Bank, SBI, LIC, BOB, PNB of Rs. 40,000 crores वे इन्फ्रास्ट्रक्चर के ऊपर खर्च करेंगे। इन्होंने हम लोगों को दोबारा रिपोर्ट नहीं दी कि क्या हुआ। उसके बाद 2005 में he talked of a Special Purpose Vehicle. उसके बाद in 2006, he said, "We have set up the India Infrastructure Finance company Limited." मैंने इनको पहले भी कहा था, आप ही ने बनाया था-India Infrastructure Development Finance Corporation. पहले जब यह वित्त मंत्री थे, तो इन्होंने इसे बनाया था। It is a dedicated financial institution for infrastructure. फिर भी इन्होंने India Infrastructure Finance Company बनाया। इस बार यह क्या कह रहे हैं, City Group, Black Stone, IDFC and IIFCL have put together a fund of five billion US dollars. इस तरह लगातार हर बजट में नई बात, हर बजट में नई बात। Inter-institutional group से हम लोग Black Stone और City Group पर आ गए। My point, Sir, is that the three years that the UPA Goverment has is been in office, not a single major infrastructure project has got off the ground. आप हमें बताइए। मैं चैलेंज के साथ इस बात को कहता हूं कि एक भी मेजर इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट बताइए, which is comparable to our National Highway Development Programme. उसके बारे में आप सदन को बताइए। क्या आपने इसमें कोई शुरू किया है? नहीं शुरू किया है। पैसा, finance is not the issue in infrastructure, Sir. The real issue in infrastructrue is user charges. अभी जो आपने सासान का बताया, अब उसकी इन्क्वायरी शुरू हो गई कि उसने गलत-सलत आप लोगों को दिया, आपने बजट में उसकी घोषणा की थी।

So, infrastructure is not moving forward. Even the Finance Minister has admitted that the work is

[MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.]

slow. इसमें आपको अब और एग्रेसिव होना पड़ेगा। कितना एग्रेसिव होंगे? शायद इतना एग्रेसिव तो नहीं होगे कि मेरी धुलाई शुरू कर देंगे, लेकिन इनको कुछ-न-कुछ करना पड़ेगा। सिर्फ फंड्स के बारे में बात करने से कुछ नहीं हो रहा है और न ही SEZ से कुछ होने वाला है। SEZ is too much of good thing. एक स्टेट में एक SEZ बना दो, बहुत हुआ, लेकिन यहां पर 300 SEZ 400 SEZ ऐसा लग रहा है, जैसा कि कोई भूखा खाना खाना शुरू कर देता है, वैसे ही सर के सामने Special Economic Zone आ गया और उसमें धड़ाधड़ उसकी sanction करने लगे। उसमें कितनी धांधली हुई है, क्या आप इस बात को जानते हैं? ...(व्यवधान)...

श्री दिनेश त्रिवेदी (पश्चिमी बंगाल): सर, ...(व्यवधान)... लोगों की जान लेकर, गोली मार के बंगाल में SEZ बनाया जा रहा है। वहां 50 लोग मर गए, ऐसी खबर मुझे अभी-अभी मिली है। ...(व्यवधान)... शर्म आनी चाहिए ...(व्यवधान)...

श्री यशवंत सिन्हा: यह तो बस वही है कि किसानों की ज़मीनें लो, SEZ बनाओ, रीयल स्टेट वालों को वहां पर लाकर बिठा दो। SEZ बने या न बने, लेकिन उनको मुनाफा मिलना चाहिए। यह मैं कह रहा हूं। This is the only thinking of this Government, as far as infrastructure is concerned. सब हाई वेज खत्म हो रहे हैं।

अब उसके बाद इकोनॉमिक रिफॉर्म्स की बात है। इन्होंने कहा पेंशन रिफॉर्म्स। यह एक ऑर्डिनेंस लाए। आर्डिनेंस लाने के बाद, जब हमारे वामपंथी मित्रों ने उसका विरोध किया, तो उसके बाद एक बिल लाए। बिल आया, स्टैंडिंग कमेटी में। स्टैंडिंग कमेटी में, अहलुवालिया जी ने सूचना दी है कि स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट 26.07.2005 को पार्लियामेंट के सामने आ गई। उसी तरह बैंकिंग रेग्यूलेशन एक्ट में भी आ गया। वित्त मंत्री जी अभी शायद कहीं और मशगूल हैं। लेकिन मैं यह पूछना चाहता हूं कि आप छोड़ दीजिए बाकी रिफॉर्म्स की बात, जो आपने घोषणा की पेंशन रिफॉर्म्स की, आपने घोषणा की बैंकिंग रेग्यूलेशन एमेंडमेंट बिल की, तो क्या आपमें हिम्मत नहीं है कि उसको लेकर सदन के सामने आएं, इस सदन में या सदन में? और जब हिम्मत नहीं है लाने की, जब स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट आपके पास महीनों से पड़ी हुई है, तो आप यही खड़े होकर इसी सदन में यह वादा कीजिए कि आप बिना लेफ्ट पार्टीज की इजाजत के एक भी लेजिस्लेशन नहीं लाएंगे। सबका टाइम बरबाद करते हैं। हम लोगों ने स्टैंडिंग कमेटी में इन दोनों बिल्स के ऊपर इतना परिश्रम किया कि किसी तरह एक सहमति बने। रिपोर्ट दी गई और रिपोर्ट देने के बाद भी नहीं। My point is, does he have a veto? Do they have a veto? पार्लियामेंट को

बिलकुल नजरअंदाज करके एक दल वीटो चलाएगा कि साहब, यह नहीं होगा, वह नहीं होगा। अगर नहीं हो रहा है, तो मत करो।

इसलिए,चूंकि इन्होंने कहा कि UPA has remained committed to economic reforms. मैं यह कह रहा हूं कि if you have remained committed to economic reforms, then have the courage and bring the Pension Bill. उपसभापति जी, आप जानते हैं कि पेंशन बिल में क्या हो रहा है? 01.01.2004 से जितने नए इम्प्लाइज हैं, सबका पैसा जमा हो रहा है – 10 परसैंट उनका कंट्रीब्यूशन है और 10 परसैंट सरकार का कंट्रीब्यूशन है। अभी तीन साल से ऊपरी हो गए हैं, इन्होंने उस पैसे को 8 परसैंट पर सरकारी काम-काज में लगाया हुआ है। स्टडीज हुई हैं, जिनमें यह दिखाया गया है the returns could be 29 per cent. If you are denying that return to the individual contributor to the pension fund, then you are betraying him. My charge is आपको कोई हक नहीं बनता है कि उनके पैसे को लेकर आप अपने काम में लगाएं, सरकारी घाटे को पूरा करने में लगाएं और उनको 8 परसैंट दें। हमने क्या कहा था? हमने कहा था कि हरेक व्यक्ति को यह छूट दो कि अगर वह 8 परसैंट में लगाना चाहता है तो 8 परसैंट में लगाए और अगर वह 29 परसैंट में लगाना चाहता है तो 29 परसैंट में लगाए। लेकिन, यह जो सिलसिला चल पड़ा है कि बिल पेश होते हैं, बिल आते हैं और उसके बाद कुछ नहीं होता।

Insurance sector reforms, pending. इन्होंने कहा कि मुम्बई को financial hub बनाएंगे, प्रधान मंत्री ने घोषणा की कि financial hub बनाएंगे, शंघाई बनाएंगे। सपने ! मुंगेरी लाल के सुनहरे सपने तो यह है और उसके बाद क्या कर रहे हैं, Capital account convertibility कुछ नहीं, committee after committee, committee after committee. Liberalisation भी कुछ नहीं है उसमें और disinvestment privatisation तो भूल ही गए हैं ये लोग। My charge is, as far as the economic reforms are concerned, they have turned the clock back, they have gone back on what we had started and they have not started anything new. उपसभापति महोदय, मैं जानता हूं कि टैक्स पर बोलने का यह मौका नहीं है लेकिन जब तक इस सदन को मौका मिलता है तब तक बात पूरी हो चुकी होती है। मैं टैक्स के बारे में एक ही बात वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि What is your philosophy of taxation? Please tell us when you are replying to the debate: What is your philosophy of taxation? I brought to bear a certain philosophy of taxation. I said, the Cenvat rate would be 16 per cent, will compress all rates to that, आपने कहा था कि हम exemption खत्म करेंगे, लेकिन आपने नए exemption दिए, आप discretionary taxation को वापिस लाए और मेरा चार्ज है कि चाहे वह सीमेंट का मामला हो, चाहे कोल का, without

going into ash content, 100 per cent ash content can be imported into the country duty free. यह इनका है और उसके बाद सीमेंट के बारे में दो तरह की डयूटी लगा दी। He is using fiscal measures to control prices in the market. और उसके बाद सीमेंट वालों ने कैसा रिस्पांड किया, 12 रुपए प्रति बैग की उन्होंने इनके मुंह पर चपत मारी और अपनी कीमत बढ़ाई। 12 रुपए कीमत बढ़ा दी, वापिस नहीं ली। अब यह इन्फलेशन बढ़ा या इन्फलेशन घटा?

SHRI P. CHIDAMBARAM: I have, of course, used the fiscal measure in order to moderate prices. I may succeed. I may not succeed. I wanted to clarify whether the Government should be silent when cement manufacturers raise their prices by 40 per cent in a matter of 8 months. What is your party's stand on that?

SHRI YASHWANT SINHA: The party's position is, you do exactly what the Commerce Minister of your Government did; namely, that he called them and talked to them and got an assurance from them that they will not raise the prices for one year. But...

SHRI P. CHIDAMBARAM: Do you support the statement that after raising it by 40 per cent they will not raise it further?

SHRI YASHWANT SINHA: No, this is what I am saying. You are trying to lock the stable after the horses have been bolted. You should have done it before. What is a Finance Minister who does not even have the clout to call the cement manufacturers and tell them 'do not raise prices'?

SHRI P. CHIDAMBARAM: What we will do, I will tell you in my reply. I want to know what is your party's stand?

SHRI YASHWANT SINHA: No, we are not in Government, Mr. Chidambaram. *(Interruptions)* We are not in Government and it is your responsibility. *(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Pani, Please sit down. *(Interruptions)*

श्री यशवंत सिन्हा: सर, मैं अपने टाइम की फिगर्स दे चुका हूं, इन्फलेशन के बारे में वित्त मंत्री जी को हमारे ऊपर चार्ज लगाने का कोई हक नहीं बनता। अगर इनमें जरा भी मर्यादा है, तो ये हमारे समय की इन्फ्लूशन की बात नहीं करेंगे, अपने समय की करेंगे।

SHRI P. CHIDAMBARAM: I am only asking you about your party's

stand. ...*(Interruptions)*... I am asking you about your party's stand. ...*(Interruptions)*... I am only requesting you to clarify your party's stand. ...*(Interruptions)*...

SHRI YASHWANT SINHA: Learn from what we did. .....*(Interruptions)*... Learn from what we did. You have done something which is very, very evil कि 190 से ऊपर होगा तो इतना टैक्स और 190 से नीचे होगा तो इतना टैक्स ....*(Interruptions)*... It is as evil ...*(Interruptions)*... It is as bad ....*(Interruptions)*...

SHRI P. CHIDAMBARAM: Just a moment. ....*(Interruptions)*...'I succeed, I may not succeed', I said so. ....*(Interruptions)*... I may succeed or I may not succeed ....*(Interruptions)*...

SHRI YASHWANT SINHA: You have not succeeded. ....*(Interruptions)*... It is already there. ....*(Interruptions)*... They have raised the prices. ....*(Interruptions)*...

SHRI P. CHIDAMBARAM: Do not come to any conclusions. ....*(Interruptions)*...

SHRI YASHWANT SINGH: I am not. ....*(Interruptions)*... It is just a fact.

SHRI P. CHIDAMBARAM: Just a moment. ....*(Interruptions)*... The Dual Sales Tax was attempted in a State Government some years ago and it succeeded in moderating prices. I said so in my post-Budget Conference. I said, we are attempting a dual excise rate; I may suceed or I may not suceed. But I still appeal to the cement manufacturers that they should moderate prices. There are other options open to Government. All I am requesting you most respectfully is to please clarify your party's stand whether the Government should keep quiet when the cement manufacturers raised their prices by 40 per cent over a period of six to seven months. Please clarify it, if your party ....*(Interruptions)*...

SHRI YASHWANT SINHA: I have already responded to him and I told him that he should have done as Finance Minister what the Commerce Minister of his Government has done. ....*(Interruptions)*... जब मैं सरकार में आऊंगा, तब आपको बता दूंगा कि हमारा क्या स्टैंड है ....(व्यवधान) उसमें अब ज्यादा दिन नहीं हैं ....(व्यवधान) अब ज्यादा दिन नहीं हैं ....(व्यवधान)

श्री शान्ताराम लक्ष्मण नायक (गोवा): सर, यह जो कह रहे हैं ....(व्यवधान)

श्री उपसभापति: मिस्टर नायक, दर्डा जी, आप वहां से बात नहीं कर सकते हैं।

श्री यशवंत सिन्हा: उपसभापति महोदय, इन्होंने एक काम और किया है ....(व्यवधान) इन्होंने यह काम किया कि Iron ore exports and chrome ore exports, मैं झारखंड स्टेट से आता हूं, इसलिए मैं यह इश्यू रेज़ कर रहा हूं कि Iron ore exports के ऊपर इन्होंने 300 रुपय प्रति टन एक्सपोर्ट ड्यूटी लगा दी, ठीक है, लेकिन अब ये कह क्या रहे हैं? ये कह रहे हैं कि what he said in his Budget Speech, "I have done this with a view to conserving natural resources.." and at the same time, he raised revenue ये दोनों कैसे हो सकते हैं? Conserve natural resources, इसका मतलब यह है कि आप एक्सपोर्ट के ऊपर बैन लगाइए if you do not want iron ore fines to go out लेकिन ये एक्सपोर्ट्स के ऊपर 3000 करोड़ रुपये का रेविन्यू रेज़ करेंगे, जो 3000 करोड़ रुपये का जो भी रेविन्यू होता है, इसका मतलब यह है कि एक्सपोर्ट कंटीन्यू करेगा। और शायद इन्हें पता होगा कि जब Iron ore mining होती है, तब उसमें fines automatically निकलते हैं, there are 70 per cent fines and 30 per cent lumps. इन्होंने कहा, taking a leaf out of the Hoda Committee Report. Hoda Committee Report has not been presented to the House लेकिन कहीं से मैंने उसकी एक कॉपी ऊपर कर ली और वित्त मंत्री महोदय बिल्कुल गलत हैं in trying to give the impression that Hoda Committee has actually supported the imposition duty on iron ore fines. होडा कमेटी ने यह कहा था कि हम सारी बात देखने के बाद we should revisit this matter after ten years. But in the meanwhile as a way of abundant precaution, the Committee recommend that an export duty may be levied and exports of iron ore in lump from with SE content of 65 per cent. SE content of 65 per cent तो उन्होंने यह कहा, लेकिन इन्होंने कहा कि taking a leaf out of Hoda Committee, I am imposing a duty on iron ore exports. अरे आप लम्प के ऊपर यह लाओ तो बात समझ में आती है fines which is an essential by-Prpdict dust जो कि हमारे यहां पर बर्बाद होता रहा है, एनवायरनमेंट के ऊपर उसका असर पड़ता रहा है, उसके नीचे जमीन दबी रहती है, उसके ऊपर and what are the miners saying now? The miners are saying that iron ore exports are already stopped. चाइना ने मना कर दिया है और अब यह जितनी माइनिंग होगी, क्योंकि हमारे यहां पर लम्प्स यूज़ करते हैं, तो वह लम्प यूज़ करेंगे। मैं वित्त मंत्री जी से एक सिम्पल सवाल पूछना चाहता हूं कि, is he in a position here, when he replies to the debate, to give us an assurance that 70 million tonnes or whatever is the production, 89 millions tonnes of fines in a year,—will he ensure—that they are bought by local steel makers, manufacturers? नहीं तो उसका क्या होगा? इन्होंने उसके ऊपर यह लगा दिया तो अब एक्सपोर्ट नहीं होगा और उपसभापति महोदय, इसमें लाखों लोग बेकार होंगे। माइन्स

बंद हो जाएंगी, ट्रांसपोर्टेशन बंद हो जाएगा, पोर्ट का लोडिंग बंद हो जाएगा, एक्सपोर्ट का नुकसान होगा और मेस्सिव अनएम्प्लोयमेंट होगा। तो मेरा यह कहना है कि कोई फिलॉस्फी ऑफ टैक्सेशन नहीं है, छाता का बढ़ा दिया, उसका घटा दिया, किसी का कुछ कर दिया। अरे क्यों भई, क्यों कर रहे हो? ...(व्यवधान)... मैं आता हूं कुत्ते पर भी। लेकिन मैं इनसे कहना चाहूंगा कि इन्होंने दो बिल्कुल ही इविल, जिसको मैं कहता हूं इविल टैक्स लगाए थे। एक है बैंकिंग कैश ट्रांजेक्शन टैक्स और एक था फ्रिंज बेनिफिट टैक्स। फ्रिंज बेनिफिट टैक्स में उन्होंने इस बार इस ESOPS को भी डाल दिया। और उसके बाद इन्होंने बैंकिंग कैश ट्रांजेक्शन टैक्स के बारे में जो बड़ा रोचक है, उपसभापति महोदय, मैंने इसी सदन में वित्त मंत्री जी से एक सवाल पूछा था कि आप रेवेन्यू के लिए इसको नहीं कर रहे हैं, आप कहते हैं आप काले धन को पकड़ने के लिए इसको कर रहे हैं, तो आप क्या हाउस के साथ शेयर करेंगे कि कितने काले धन को अभी तक आपने पकड़ा है, थ्रू दि बैंकिंग कैश ट्रांजेक्शन टैक्स। पिछले साल के बजट में बजट स्पीच में इन्होंने घोषणा की, क्या कहा कि चांदनी चौक में कुछ लोग पकड़े है जो किसी बैंक के थ्रु भारी घोटाला कर रहे थे। यह इन्होंनें अपनी बजट स्पीच में कहा है। इस बार कुछ नहीं बताया कि उस केस का क्या हुआ।

SHRI P. CHIDAMBARAM: You were not present when I replied. This time I hope you will be present.

श्री यशवंत सिन्हा: और सुनिए उपसभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं वित्त मंत्री को बतला दूं कि इन्हीं की पार्टी के सदस्य से मैंने यह कहा कि कम से कम उन्होंने एक केस तो पकड़ा। तो उन्होंने कहा कि मैं उस आदमी को जानता हूं जिनको इन्होंने पकड़ा है, वह बिल्कुल छूट जाएगा, कोई केस ही नहीं बनता है सरकार का। आज के दिन मैं इस सवाल को दोबारा वित्त मंत्री जी से पूछ रहा हूं कि banking cash transaction tax से आप यह बताइए कि अभी तक आपको कितने काले धन का पता चला है, जो आपने इतने दिनों से लगाया हुआ है। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ इस तरफ से कहना चाहता हूं कि हम लोग जब सरकार में आएंगे तो फ्रिंज बेनिफिट टैक्स और बैंकिंग कैश ट्रांजेक्शन टैक्स दोनों को एबॉलिश करेंगे। यह हमारा वायदा रहा। और काला धन पता करते हैं Hassan Ali 35,000 करोड़ रुपया या 42,000 करोड़ रुपया one does not know. Why didn't you discover it through your BCCT? Tell the House. Why didn't it help you? Tell the House हसन अली के बारे में क्या सच्चाई है because all kinds of things are being said about the involvement of Ministers and politicians. अब सबसे बड़ी जो इन्होंने बात की है उपसभापति महोदय, इस बजट में कि इन्होंने जो फिस्कल डेफिसिट था वह 3.7 per cent के बदले 3.6 per cent कर दिय, रेवेन्यू डेफिसिट को कम कर दिया। अब मैं कुछ फिगर्स की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करुंगा। Revenue deficit is 1.5 per cent of the GDP. अगले साल इनको निल करना है। 1.5 per cent of the GDP, in

the Budget figures it is Rs. 71,000 crores but if the economy expands the figure will be more. इनका रिकार्ड है पिछले 3 वर्षों में, 0.5 per cent of reduction in revenue deficit every year. अब एक ही झटके में ये 1.5 परसेंट को कम कर देंगे। यह करामात ये कैसे करेंगे, यह मुझे बताएं। उसके बाद इन्होंने और क्या किया है, इन्होंने इस साल के बजट में फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के लिए 16 हजार करोड़ रुपए का सिक्योरिटी इश्यू किया। इन्होंने Petroleum companies के लिए Rs. 19,000 crores का सिक्योरिटी इश्यू किया। Securities, as we all know, is expenditure postponed. At least Rs. 35,000 crores is what he has covered through securities. It is for public sector undertakings. So it is not reflected in the Budget because it is revenue neutral. और उसके बाद क्या है कि पेट्रोलियम प्राइसेज में जो इन्होंने करामात दिखाई उसके चलते under-recovery of the petroleum companies is of the order of Rs. 75,000 crores. So the national deficit is Rs. 75,000 crores plus Rs. 75,000 crores. और उसके अलावा मुझे यह बताएं क्योंकि मैंने कहीं किसी अखबार में देखा कि Fertilizer companies का Rs. 11,500 crores is overdue. The Budget allocation for next year is Rs. 11,400 crores. तो वे क्या करेंगे इसका? This is also a suppression of figures. Sir, there are lot of inanities in the Budget Speech but for shortage of time I will not go into them. I would only like to emphasis that the underlying concerns of the Indian economy have not been addressed. I would like to emphasise that no economy can go on running on momentum provided in the past. Sometime or the other the increasing interest rates in the economy are bound to have an impact on consumer demand. If nothing much is happening on the infrastructure side, then, it will have a debilitating effect on economic growth. and, जैसा मैं कह रहा था कि कांग्रेस पार्टी का और महंगाई का इतना निकट का संबंध क्यों? क्या वित्त मंत्री इस पर कोई प्रकाश डालेंगे कि डा० मनमोहन सिंह के टाइम में 10.6 परसेंट था, मनमोहन सिंह और महंगाई सिंह में कोई निकट का रिश्ता है क्या? जब मनमोहन सिंह सरकार में आते हैं, तो महंगाई शुरू हो जाती है। ...(व्यवधान)...

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYARANJAN DASMUNSI): At least, the hon. Prime Minister is accused of महंगाई. But, he will never be accused of UTI ...*(Interruptions)*... He does not carry the cap of the UTI ...*(Interruptions)*... He is carrying that ...*(Interruptions)*...

SHRI P. CHIDAMBARAM: If he is saying something in a light hearted way, I take it in a light hearted way. But, I think, there is an undercurrent of malice in his statements to which I object ...*(Interruptions)*...

SHRI YASHWANT SINHA: If you notice an undercurrent ...*(Interruptions)*...

SHRI P. CHIDAMBARAM: If he says in a light hearted way, it is okay ...*(Interruptions)*...

श्री यशवंत सिन्हा: अच्छा, मंत्री जी बोल रहे हैं। ...(व्यवधान)...

श्री पवन कुमार बंसल: सर, 18 अक्टूबर, 1998 को कहा था ...(व्यवधान)...

SHRI YASHWANT SINGH: Sir, if the Finance Minister noted an undercurrent of malice in my statement, he should look into all the he has done and said in the Budget Speech and reply to this question has to why did he make it such apartisan document.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: What partisan document?

SHRI P. CHIDAMBARAM: What partisan document? ...*(Interruptions)*... The Budget is a political document ...*(Interruptions)*...

SHRI YASHWANT SINHA: Of course, it is a partisan document ...*(Interruptions)*... You are taking credit for the production of electricity which was started in our time ...*(Interruptions)*... And, you are blaming us for inflation! इन्फलेशन का दोष हमारे ऊपर और हमारे टाइम में जो बिजली के संयंत्र लगे, उनका क्रेडिट इनके ऊपर, यह है। ...(व्यवधान)...

श्री पवन कुमार बंसल: सरकार महंगाई के प्रति कुछ नहीं कर सकती। ...(व्यवधान)... Which statements are incorrect? ...*(Interruptions)*...

SHRI P. CHIDAMBARAM: Both are factual statements ...*(Interuptions)*... We have shown what you have done in five years and what we have done in three years ...*(Interruptions)*... Don't mix the statements ...*(Interruptions)*...

श्री यशवंत सिन्हा: सर, मेरा अंत में यह कहना है। ...(व्यवधान)... सर, सारी बात कहने के बाद ...(व्यवधान)...

SHRI P. CHIDAMBARAM: They referred to the hon. Prime Minister. So, they responded ...*(Interruptions)*...

श्री यशवंत सिन्हा: सर, मेरा यह कहना है कि सारे बजट को देखने के बाद जो इस सरकार का सत्ता में होने का, सत्ता में बने रहने का, सबसे बड़ा दावा है-आम आदमी, इस आम आदमी को

बजट में, उसी गड्ढे में ढकेल दिया, जो गड्ढे ये चार हजार रुपये की कीमत पर सारे देश के कोने-कोने में बनाने जा रहे हैं। आम आदमी की बात को तो छोड़िए, इन्होंने आम कुत्तों का भी ध्यान नहीं रखा, उसके लिए भी खाली Pedigree का खाना, उसमें छूट दी है। आम कुत्ता भी दुखी है, आम आदमी भी दुखी है, इस बजट से। धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Janardhana Poojary.

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka): Sir, I am very thankful to you ...*(Interruptions)*...

Re. POLICE FIRING IN NANDIGRAM, WEST BENGAL—***Contd.***

SHRI DINESH TRIVEDI: Sir, at what time are we going to have the statement of the hon. Home Minister on Nandigram? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will check-up ...*(Interruptions)*... There is a direction from the Chair to the Home Minister to report back ...*(Interruptions)*... We will find out.

SHRI DINESH TRIVEDI: Sir, Home Minister is taking such a long time ...*(Interruptions)*... सर, वहां जलियांवाला कांड हो गया है। ...(व्यवधान)... सर, हम यहां बात कर रहे हैं और वहां लोग मारे जा रहे हैं। ...(व्यवधान)...

श्रीमती सुषमा स्वराज (मध्य प्रदेश): उपसभापति जी, सुबह जिस समय यह विषय उठाया गया था, उस समय से लेकर अब तक स्थिति बदतर हो गयी है। पचास लोग मारे गए हैं। ...(व्यवधान)... इस तरह से मारा जा रहा है जैसे जनरल डायर ने घेर कर मारा था ...(व्यवधान)...

श्रीमती वृंदा कारत (पश्चिमी बंगाल): सर, ऐसा नहीं है। ...(व्यवधान)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, जैसे जनरल डायर ने घेर कर मारा था, उसी तरह से लोगों को मारा जा रहा है। ...(व्यवधान)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Why discussion? ...(*Interruptions*)... A direction has been given to the Minister ...(*Interruptions*)... देखिए, त्रिवेदी जी, ...(व्यवधान)... आप बैठ जाइये। ...(व्यवधान)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया (झारखंड): सर, पचास लोग मार दिए हैं। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: सरकार का स्टेटमेंट होगा। ...(व्यवधान)... The Chair has given a direction to the Home Minister to report back to the House ...(*Interruptions*)...

श्री दिनेश त्रिवेदी: सर, जब तक होम मिनिस्टर नहीं आयेंगे, यह हाउस नहीं चल सकता है। ...(व्यवधान)... होम मिनिस्टर को बुलाएं । ...(व्यवधान)... अब तक होम मिनिस्टर नहीं आएंगे, हाउस नहीं चलने देंगे। ...(व्यवधान)... We can't have the House in this way. ...(*Interruptions*)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: जलियांवाला बाग बना ...(व्यवधान)...

श्री दिनेश त्रिवेदी: जलियांवाला बाग ...(व्यवधान)... यह हिन्दुस्तान का जलियांवाला बाग है ...(व्यवधान)... होम मिनिस्टर को बुलाइए ...(व्यवधान)... होम मिनिस्टर को बुलाइए। ...(व्यवधान)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: जबर्दस्ती करके जलियांवाला बाग ...(व्यवधान)...

श्री दिनेश त्रिवेदी: नन्दीग्राम को जलियांवाला बाग बना दिया है। ...(व्यवधान)...

MR DEPUTY CHAIRMAN: Home Minister will make a statement, as per the direction of the Chair ...(*Interruptions*)... A statement will be made before the House rises. ...(*Interruptions*)...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: इस देश के ...(व्यवधान)... वहां हालत बदतर होती जा रही है। ...(व्यवधान)...

MR DEPUTY CHAIRMAN: In the morning, the Chairman had directed the Home Minister to come out with a statement, and that statement is ...(*Interruptions*)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: वहां किसानों की हत्या कर रहे हैं ...(व्यवधान)...

SHRI PRASANTA CHATTERJEE (West Bengal): Sir, this must not be allowed. ...(*Interruptions*)... They are out to create disturbance. ...(*Interruptions*)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: वहां गरीब किसानों की नृशंस हत्या हो रही है। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर्स कुछ कहना चाहते हैं। आप जाइए। ...(व्यवधान)... He is a Parliamentary Affairs Minister. He is entitled to make a statement. ...(*Interruptions*)... Nothing will go on record. ...(*Interruptions*)... आप जाइए। ...(व्यवधान)... He is a Parliamentary Affairs Minister, he is entitled. ...(*Interruptions*)... अब यह क्या बात है? ...(व्यवधान)... Don't you want a statement? ...(*Interruptions*)... क्यों नहीं चलेगा? ...(व्यवधान)... क्या आप सुनना नहीं

चाहते? ...(व्यवधान)... होम मिनिस्टर आ रहे हैं।...(व्यवधान)... The Home Minister is coming within five minutes. यह सही बात नहीं है। No; no, you are not helping. ...(*Interruptions*)... When the Home Minister is coming to make a statement, then, why are you ...(*Interruptions*)... He is coming. ...(*Interruptions*)... This is not correct. ...(*Interruptions*)... This is not fair. ...(*Interruptions*)... Nothing will go on record. ...(*Interruptions*)... देखिए, बैठिए न ...(व्यवधान)... There should be some. ...(*Interruptions*)... अभी होम मिनिस्टर का स्टेटमेंट ...(व्यवधान)... मिस्टर अहलुवालिया ... (व्यवधान)... are you not interested in the statement? ...(*Interruptions*)... The Home Minister wants to make a statement, are you not interested in it? ...(*Interruptions*)... आप बैठिए ...(व्यवधान)... Mr. Vijayaraghavan, please sit down. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)... अहलुवालिया जी, ..(व्यवधान)... Nothing will go on record. ...(*Interruptions*)...

SHRI S.S. AHLUWALIA: *

SHRIMATI BRINDA KARAT: *

श्री उपसभापति: आप बैठिए ... आप बैठिए ...(व्यवधान)... इतनी देर से आप कह रहे थे कि होम मिनिस्टर को बुलाओ। होम मिनिस्टर जब स्टेटमेंट करना चाहते हैं, तो आप सुनना नहीं चाहते हैं, यह क्या बात है? ...(व्यवधान)...अरे आप सुनिये तो सही सरकार क्या जबाव देना चाहती है। ... (व्यवधान)... It is very strange. ...(*Interruptions*)... You wanted a statement of the Home Minister. ...(*Interruptions*)... You said, "You call the Home Minister". The Home Minister has come and when he wants to make a statement, you are not interested. ...(*Interruptions*)... माननीय मंत्री जी, स्टेटमेंट कीजिए।

SHRI DINESH TRIVEDI: Where is the copy of the statement?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is by direction.

INFORMATION TO THE HOUSE

INCIDENT OF FIRING IN NANDIGRAM, WEST BENGAL

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI SHIVRAJ V. PATIL): Sir, I was directed to get the information from the State Government and give it to this hon. House. Our officers have been talking to the officers in the State Government. The Home Secretary has spoken to the Chief Secretary. I had the occasion to speak to the Chief Minister also. We are trying to get